दिन–शुक्रवार    दिनांक– 30/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।    अवधि – 05 मिनट

---

राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अन्तर्गत चयनित लाभुकों को दो लाख रूपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य मंत्रिमंडल ने इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी साझा की। श्री कुमार ने कहा कि इस योजना के तहत महिलाओं को रोजगार शुरू करने के छह महीने बाद आकलन करते हुये आवश्यकतानुसार दो लाख रूपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी।

———————————————————

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा है कि महिलाओं को रोजगार योजना के तहत दो लाख रुपये दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार प्रदेश की महिलाओं की स्थिति बेहतर बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। श्री झा ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब उन्हें मौका मिला तो उन्होंने कोई काम नहीं किया।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि राज्य में अपराधियों और माफियाओं को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। श्री सिन्हा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भूमि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सरकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिकारी से लेकर बिचौलिया तक जो भी गलत काम में शामिल होंगे, उनके खिलाफ कानून एक समान कार्रवाई करेगा।

———————————————————

भूमि विवाद से जुड़े मामलों में एक फरवरी से पुलिस की भूमिका समाप्त हो जायेगी। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। अब भूमि विवाद के मामलों में पुलिस की भूमिका केवल कानून व्यवस्था बनाये रखने तक सीमित होगी। पुलिस को सक्षम प्राधिकार के आदेश के बिना दखल– कब्जा दिलाने का अधिकार नहीं होगा।

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने राज्य में सरकारी कर्मचारियों के सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध की सराहना की है। श्री कुमार ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सबको संविधान और कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए।

---

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी अठहत्तरवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। आज ही के दिन उन्नीस सौ अड़तालीस को महात्मा गांधी की हत्या कर दी गयी थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजघाट में महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि गांधीजी का व्यक्तित्व और उनका कार्य देशवासियों को हमेशा सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रपिता की समाधि स्थल राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। पटना के गांधी घाट में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

चक्रवाती हवा के प्रभाव से राजधानी पटना सहित कई जिलों में मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। धूप के बावजूद सर्द हवाओं से ठंड बढ़ गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज भागलपुर के सबौर में सबसे कम न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, गया में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता तीन सौ मीटर रहा। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और उत्तर–मध्य भागों के कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार अगले तीन से चार दिनों के बाद तापमान में वृद्धि की संभावना है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के देवरिया थाना क्षेत्र के एकमा चौक स्थित वैशाली नहर में एक वाहन के अनियंत्रित होकर गिर जाने से वाहन सवार दो लोगों की मौत हो गई।

सुपौल जिले के कुनौली सीमा पर एसएसबी ने एक बांग्लादेशी महिला सहित पांच लोगों को नेपाल से भारत में प्रवेश करने के दौरान गिरफ्तार किया है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।